**जब तक आपको यह प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें।**

**Question Booklet Bar Code Serial No.**
**प्रश्न-पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या**

7103809

# 2023

**कोड : UNHSIV-01**

**विषय : सामान्य अध्ययन एवं सामान्य हिन्दी (सामान्य शब्द ज्ञान एवं व्याकरण)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाग – I | सामान्य अध्ययन | : | प्रश्न संख्या 1 से 140 |
| भाग – II | सामान्य हिन्दी (सामान्य शब्द ज्ञान एवं व्याकरण) | : | प्रश्न संख्या 141 से 200 |

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 200**

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें → अंकों में

शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल **काले बॉल-प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें।

अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।

अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर

आपको अपने सभी उत्तर **केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक** पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक अन्तरीक्षक को सौंप दें तथा अभ्यर्थी प्रति (नीली) अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें।

## महत्वपूर्ण अनुदेश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं। ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक और प्रश्न-पुस्तिका जिनकी बार कोड क्रम संख्या एकसमान है, सील्ड पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के अन्दर एक साथ रखी है।
2. **पारदर्शी सील्ड पॉलीथीन पैकेट खोलने के तुरन्त बाद, पुनः जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान हैं तथा सभी पृष्ठ भली-भाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान न हों या इसमें अन्य कोई विसंगति हो, तो इसे कक्ष निरीक्षक को वापस कर प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का दूसरा सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लें।**
3. अभ्यर्थी **प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की पुष्टि करने के उपरान्त** ही ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड निर्धारित स्थान पर अंकित करें, अन्यथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें। रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें।
5. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 200 प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल-प्वॉइंट पेन** से पूरा काला कर दें।
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में, प्रश्न संख्या 141 – 200 के अतिरिक्त, सभी प्रश्न हिन्दी व अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं। द्विभाषी (हिन्दी/अंग्रेज़ी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में, प्रश्न का अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा।
7. **ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :**
   **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**
   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।
   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत** उत्तर माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।
   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

***नोट : कृपया प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की जाँच कर ली जाए तथा बार कोड क्रम संख्या के एकसमान न होने की दशा में उसे बदलकर प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का दूसरा सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लिया जाए।***

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

1. In March 2025, NASA astronauts Butch Wilmore and Sunita Williams returned to Earth on board SpaceX's spacecraft named :
   (a) Dragon (b) Discovery
   (c) Columbia (d) Challenger

2. The 2024 Nobel Prize in Physiology or Medicine was awarded to Victor Ambros and Gary Ruvkun for discovering :
   (a) Ribosomal RNA (b) Micro RNAs
   (c) Transfer RNA (d) Messenger RNA

3. In the 2024 Paris Olympics, the men's freestyle 57 kg wrestling event Bronze medal was won by :
   (a) Sarabjot Singh (b) Aman Sehrawat
   (c) Akshdeep Singh (d) D.T. Cruz

4. Which international sports event was held in the United Kingdom for the first time in 2025, featuring teams from India and other countries ?
   (a) Kabaddi World Cup
   (b) Cricket World Cup
   (c) Hockey World Cup
   (d) Badminton World Championship

5. India's first manned deep ocean mission is named :
   (a) Samudrayaan (b) DIVE India
   (c) Varunayaan (d) Vikramaditya

6. Which city will host the 2026 Commonwealth Games ?
   (a) Birmingham (b) Melbourne
   (c) Hamilton (d) Glasgow

7. In which country was the world's largest offshore wind farm inaugurated in August 2024 ?
   (a) Denmark (b) United Kingdom
   (c) Taiwan (d) Germany

1. मार्च 2025 में, नासा के एस्ट्रोनॉट बुच विलमोर एवं सुनीता विलियम्स की पृथ्वी पर वापसी स्पेसएक्स के किस स्पेसक्राफ्ट पर हुई ?
   (a) ड्रेगन (b) डिस्कवरी
   (c) कोलम्बिया (d) चैलेंजर

2. वर्ष 2024 का फिजियोलॉजी या मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को किसकी खोज के लिए दिया गया ?
   (a) राइबोसोमल आरएनए (b) माइक्रो आरएनए
   (c) ट्रांसफर आरएनए (d) मैसेन्जर आरएनए

3. 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के 57 किग्रा वर्ग में पुरुष फ्रीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता का कांस्य पदक किसे प्रदान किया गया ?
   (a) सरबजोत सिंह (b) अमन सहरावत
   (c) अक्षदीप सिंह (d) डी.टी. क्रूज़

4. 2025 में पहली बार यूनाइटेड किंगडम में कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन किया गया था, जिसमें भारत और अन्य देशों की टीमों ने भाग लिया ?
   (a) कबड्डी विश्व कप
   (b) क्रिकेट विश्व कप
   (c) हॉकी विश्व कप
   (d) बैडमिन्टन विश्व चैम्पियनशिप

5. भारत के प्रथम मानवयुक्त डीप ओशन मिशन का नाम क्या है ?
   (a) समुद्रयान (b) डाइव इंडिया
   (c) वरुणयान (d) विक्रमादित्य

6. 2026 के राष्ट्रमण्डल खेलों का आयोजन किस शहर में होगा ?
   (a) बर्मिन्घम (b) मेलबर्न
   (c) हैमिल्टन (d) ग्लासगो

7. अगस्त 2024 में दुनिया के सबसे बड़े अपतटीय पवन फार्म का उद्घाटन किस देश में किया गया ?
   (a) डेनमार्क (b) यूनाइटेड किंगडम
   (c) ताईवान (d) जर्मनी

8. "Aqua Regia" is a mixture of which of the following ?
(a) Concentrated HCl and Concentrated $HNO_3$
(b) Concentrated HCl and Concentrated $H_2SO_4$
(c) HCl and HBr
(d) HCl and HF

9. Which of the following is correct ?
(a) 1 metre = $10^{19}$ nanometre
(b) 1 metre = $10^{90}$ nanometre
(c) 1 metre = $10^{9}$ nanometre
(d) None of the above

10. Which of the following is *not* a luminous object ?
(a) Moon
(b) Sun
(c) Electric lamp
(d) Flame of candle

11. The type of mirror used in the headlight of a car is :
(a) Concave mirror
(b) Convex mirror
(c) Plane mirror
(d) Plane convex mirror

12. The distance at which the average radius of Earth's orbit subtends an angle of 1 arc second, is known as :
(a) 1 astronomical unit
(b) 1 light year
(c) 1 Parsec
(d) 1 Fermi

13. Which of the following pairs (Fat – Oil) is *not* correctly matched ?
(a) Vegetable fats – Phytosterol
(b) Animal fats – Cholesterol
(c) Mustard oil – Lubricant
(d) Mineral oil – Petroleum

8. "ऐक्वा रेजिया" निम्नलिखित में से किसका मिश्रण है ?
(a) सान्द्र HCl और सान्द्र $HNO_3$
(b) सान्द्र HCl और सान्द्र $H_2SO_4$
(c) HCl और HBr
(d) HCl और HF

9. निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?
(a) 1 मीटर = $10^{19}$ नैनोमीटर
(b) 1 मीटर = $10^{90}$ नैनोमीटर
(c) 1 मीटर = $10^{9}$ नैनोमीटर
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

10. निम्नलिखित में से कौन-सा दीप्त पिंड ***नहीं*** है ?
(a) चन्द्रमा
(b) सूर्य
(c) विद्युत लैम्प
(d) मोमबत्ती की ज्वाला

11. कार की हेडलाइट में उपयोग किए जाने वाले दर्पण का प्रकार है :
(a) अवतल दर्पण
(b) उत्तल दर्पण
(c) समतल दर्पण
(d) समतल उत्तल दर्पण

12. वह दूरी जिस पर पृथ्वी की कक्षा की औसत त्रिज्या 1 आर्क सेकण्ड का कोण अंतरित करती है, कहलाती है :
(a) 1 खगोलीय मात्रक
(b) 1 प्रकाश वर्ष
(c) 1 पारसेक
(d) 1 फर्मी

13. निम्नलिखित युग्मों (वसा – तेल) में से कौन-सा सही सुमेलित ***नहीं*** है ?
(a) वनस्पति वसा – फाइटोस्टेरॉल
(b) पशु वसा – कोलेस्टेरॉल
(c) सरसों का तेल – स्नेहक
(d) खनिज तेल – पेट्रोलियम

71038809

14. Which one of the following is a landlocked harbour ?
(a) Ennore (b) Visakhapatnam
(c) Mumbai (d) Haldia

15. According to Census 2011, which of the following Union Territories has the highest population density ?
(a) Lakshadweep
(b) Dadra and Nagar Haveli
(c) Daman and Diu
(d) Puducherry

16. Which agro-climatic zone in Uttar Pradesh is most vulnerable to climate change impacts, particularly in agriculture ?
(a) Bundelkhand Zone
(b) Central Plain Zone
(c) Eastern Plain Zone
(d) Western Plain Zone

17. What is the purpose of the "PRANA" portal ?
(a) Monitoring the National Clean Air Programme (NCAP)
(b) Water pollution monitoring
(c) Plastic waste management
(d) Industrial emissions control

18. The 'hydrological cycle' is controlled by :
(a) Epiphytes (b) Forests
(c) Lichens (d) Grasslands

19. Which of the following states of India has the highest density of population ?
(a) Bihar (b) Punjab
(c) Madhya Pradesh (d) Uttar Pradesh

20. The name of the scientist who proposed the "Ten Percent Rule" of energy is :
(a) Lindeman (b) Odum
(c) Tansley (d) Haeckel

21. Plants that tolerate a wide range of temperatures throughout the year, are called :
(a) Eurythermal (b) Stenothermal
(c) Microthermal (d) Hekistothermal

14. निम्नलिखित में से कौन-सा एक स्थल-रुद्ध (लैन्डलॉक्ड) बंदरगाह है ?
(a) एन्नौर (b) विशाखापट्नम
(c) मुंबई (d) हल्दिया

15. 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस केन्द्र शासित प्रदेश का जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है ?
(a) लक्षद्वीप
(b) दादरा और नगर हवेली
(c) दमन व दीव
(d) पुडुचेरी

16. उत्तर प्रदेश मे कौन-सा कृषि-जलवायु क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के प्रभावों, विशेषकर कृषि के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील है ?
(a) बुंदेलखण्ड क्षेत्र
(b) मध्य मैदानी क्षेत्र
(c) पूर्वी मैदानी क्षेत्र
(d) पश्चिमी मैदानी क्षेत्र

17. "PRANA" पोर्टल का क्या उपयोग है ?
(a) राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) की निगरानी
(b) जल प्रदूषण निगरानी
(c) प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन
(d) औद्योगिक उत्सर्जन नियंत्रण

18. 'जलीय चक्र' को नियंत्रित करते हैं :
(a) अधिपादप (b) वन
(c) लाइकेन (d) घासस्थल

19. भारत के निम्नलिखित में से कौन-से राज्य में उच्चतम जनसंख्या घनत्व पाया जाता है ?
(a) बिहार (b) पंजाब
(c) मध्य प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

20. ऊर्जा का "दस प्रतिशत का नियम" देने वाले वैज्ञानिक का नाम है :
(a) लिंडेमैन (b) ओडम
(c) टैन्सले (d) हेकेल

21. वे पौधे जो वर्ष भर में तापमान के एक विस्तृत विस्तार को सह लेते हैं, कहलाते हैं :
(a) यूरिथर्मल (b) स्टेनोथर्मल
(c) माइक्रोथर्मल (d) हेकिस्टोथर्मल

22. Consider the following events and arrange them in correct chronological order :

I. Cabinet Mission

II. Cripps Mission

III. Quit India Movement

IV. Mountbatten Plan

Select the correct answer from the codes given below :

(a) II, III, I, IV

(b) IV, I, II, III

(c) III, I, II, IV

(d) I, II, III, IV

23. Consider the following statements :

I. The first Muslim President of Indian National Congress was Badruddin Tyabji.

II. The first woman President of Indian National Congress was Sarojini Naidu.

Which of the statements above is/are correct ?

(a) Only II

(b) Only I

(c) Both I and II

(d) Neither I nor II

24. With reference to 'Ajivika Sect', which of the following statements is/are correct ?

I. Ajivika sect followers mostly lived in forests.

II. This sect enjoyed great respect during the Maurya era.

Select the correct answer from the codes given below :

(a) Only II

(b) Only I

(c) Both I and II

(d) Neither I nor II

22. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए और उन्हें सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. कैबिनेट मिशन

II. क्रिप्स मिशन

III. भारत छोड़ो आंदोलन

IV. माउंटबेटन योजना

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) II, III, I, IV

(b) IV, I, II, III

(c) III, I, II, IV

(d) I, II, III, IV

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. बदरुद्दीन तैयबजी भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के पहले मुस्लिम अध्यक्ष थे।

II. सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष थी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल II

(b) केवल I

(c) I और II दोनों

(d) न तो I, न ही II

24. 'आजीविक संप्रदाय' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

I. आजीविक संप्रदाय के लोग प्राय: वनों में रहते थे।

II. इस संप्रदाय का मौर्य युग में काफी मान रहा।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) केवल II

(b) केवल I

(c) I और II दोनों

(d) न तो I, न ही II

7103809


25. In a code language, "tob iso har" means 'Tobacco is harmful', "avo har hab" means 'Avoid harmful habit', and "ple avo tab" means 'Please avoid tobacco'. Which is the code used for 'habit' ?

(a) hab (b) har
(c) avo (d) tob

26. A bag contains ₹ 5, ₹ 2 and ₹ 1 coins in the ratio of 3 : 4 : 5. The total value of all the coins is ₹ 2,100. How many coins of ₹ 5 are there in the bag ?

(a) 225
(b) 210
(c) 245
(d) 250

27. Find the missing number :




(a) 76 (b) 55
(c) 67 (d) 86

28. In a queue of boys, A is seventh from the left and B is fourth from the right. When A and B interchange their positions, then A becomes fifteenth from the left. Find the position of B from the right.

(a) 12th (b) 17th
(c) 20th (d) 19th

29. Find the value of x, if :

2 * 3 = 11,
3 * 5 = 23,
and x * 6 = 41.

(a) 4 (b) 3
(c) 5 (d) 6

30. Intel Core i9 is a type of ________.

(a) Motherboard (b) Processor
(c) Hard disk (d) None of the above


25. एक कूट भाषा में, "tob iso har" का अर्थ है 'Tobacco is harmful', "avo har hab" का अर्थ है 'Avoid harmful habit' और "ple avo tab" का अर्थ है 'Please avoid tobacco'। 'habit के लिए कौन-सा कूट प्रयुक्त किया गया है ?

(a) hab (b) har
(c) avo (d) tob

26. एक थैले में ₹ 5, ₹ 2 तथा ₹ 1 के सिक्के 3 : 4 : 5 के अनुपात में हैं। सभी सिक्कों का कुल मूल्य ₹ 2,100 है। थैले में ₹ 5 के कितने सिक्के हैं ?

(a) 225
(b) 210
(c) 245
(d) 250

27. लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :




(a) 76 (b) 55
(c) 67 (d) 86

28. बालकों की एक पंक्ति में, बायीं ओर से सातवें स्थान पर A तथा दायीं ओर से चौथे स्थान पर B बैठा है। जब A तथा B आपस में अपना स्थान बदल लेते हैं, तो A बायीं ओर से 15वें स्थान पर होता है। दायीं ओर से B का स्थान ज्ञात कीजिए।

(a) 12वाँ (b) 17वाँ
(c) 20वा (d) 19वाँ

29. x का मान ज्ञात कीजिए, यदि

2 * 3 = 11,
3 * 5 = 23,
एवं x * 6 = 41 हो।

(a) 4 (b) 3
(c) 5 (d) 6

30. इनटेल कोर i9 एक प्रकार का ________ है।

(a) मदरबोर्ड (b) प्रोसेसर
(c) हार्ड डिस्क (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

31. A MAC (Media Access Control) address is ________ bits long.
(a) 48 (b) 32
(c) 64 (d) 128

32. Which one of the following Chola Kings destroyed the Chera navy at Trivandrum and then captured the Pandyan King ?
(a) Rajendra I
(b) Rajadhiraja
(c) Rajaraja I
(d) Kulottunga

33. The famous Battle of Haldighati between Akbar and Maharana Pratap was fought in the year :
(a) 1579 A.D. (b) 1575 A.D.
(c) 1597 A.D. (d) 1576 A.D.

34. Who among the following assumed the titles of "Yamin-ul-Khilafat" and "Nasir-e-amir-ul-Momineen" ?
(a) Balban
(b) Nasiruddin Mahmud
(c) Firoz Shah Tughlaq
(d) Alauddin Khalji

35. The grand stupa of Amaravati was built by the ________.
(a) Maurya dynasty
(b) Satavahana dynasty
(c) Shunga dynasty
(d) Vakataka Dynasty

36. Which of the following is *not* an Operating System ?
(a) Linux (b) Unix
(c) Windows (d) Microsoft Office

31. एक मैक (मीडिया एक्सेस कन्ट्रोल) एड्रेस ______ बिट्स का होता है।
(a) 48 (b) 32
(c) 64 (d) 128

32. निम्नलिखित में से किस चोल राजा ने त्रिवेन्द्रम में चेरा नौसेना को नष्ट कर दिया और फिर पांड्या राजा को पकड़ लिया था ?
(a) राजेन्द्र प्रथम
(b) राजाधिराज
(c) राजराज प्रथम
(d) कुलोतुंग

33. अकबर और महाराणा प्रताप के मध्य प्रसिद्ध हल्दीघाटी का युद्ध लड़ा गया था वर्ष :
(a) 1579 ई. में (b) 1575 ई. में
(c) 1597 ई. में (d) 1576 ई. में

34. निम्नलिखित में से किसने "यामिन-उल-खिलाफत" और "नासिर-ए-अमीर-उल-मोमिनीन" की उपाधियाँ धारण कीं ?
(a) बलबन
(b) नासिरुद्दीन महमूद
(c) फिरोज़ शाह तुगलक
(d) अलाउद्दीन खिलजी

35. अमरावती के भव्य स्तूप का निर्माण ________ द्वारा कराया गया था।
(a) मौर्य राजवंश
(b) सातवाहन राजवंश
(c) शुंग राजवंश
(d) वाकाटक राजवंश

36. निम्नलिखित में से कौन-सा ऑपरेटिंग सिस्टम ***नहीं*** है ?
(a) लिनक्स (b) यूनिक्स
(c) विंडोज़ (d) माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस

**37.** Given below are two Statements, one is labelled as Assertion (A) and other is labelled as Reason (R).

*Assertion (A) :* In photosynthesis, the radiation energy of sunlight is converted into chemical energy and stored in food materials.

*Reason (R) :* The final product of photosynthesis is glucose sugar, which soon turns into starch.

Select the correct answer using the codes given below :

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**38.** Match List-I with List-II and choose the correct answer using the codes given below :

| | *List-I* *(Natural Source)* | | *List-II* *(Acid)* |
|---|---|---|---|
| A. | Vinegar | i. | Methanoic acid |
| B. | Tamarind | ii. | Lactic acid |
| C. | Sour milk (curd) | iii. | Acetic acid |
| D. | Nettle sting | iv. | Tartaric acid |

**Codes :**

(a) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

(c) A-i, B-iii, C-iv, D-ii

(d) A-iv, B-i, C-iii, D-ii

**39.** What is 'Hydroponics' ?

(a) Grafting a plant

(b) Growing a plant without soil

(c) Study of vegetables

(d) Soil conservation

**37.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है।

*अभिकथन (A) :* प्रकाश-संश्लेषण में, सूर्य के प्रकाश की विकिरण ऊर्जा को रासायनिक ऊर्जा में बदलकर खाद्य पदार्थों में संचित किया जाता है।

*कारण (R) :* प्रकाश-संश्लेषण का अंतिम उत्पाद ग्लूकोस शर्करा है, जो कि शीघ्र ही माँड (स्टार्च) में बदल जाती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(c) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सत्य है।

**38.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(प्राकृतिक स्रोत)* | | *सूची-II* *(अम्ल)* |
|---|---|---|---|
| A. | सिरका | i. | मेथेनॉइक अम्ल |
| B. | इमली | ii. | लैक्टिक अम्ल |
| C. | खट्टा दूध (दही) | iii. | ऐसीटिक अम्ल |
| D. | बिच्छू बूटी का डंक | iv. | टार्टरिक अम्ल |

**कूट :**

(a) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

(c) A-i, B-iii, C-iv, D-ii

(d) A-iv, B-i, C-iii, D-ii

**39.** 'हाइड्रोपोनिक्स' क्या है ?

(a) पौधों में कलम लगाना

(b) बिना मिट्टी के पौधा उगाना

(c) सब्जियों का अध्ययन करना

(d) मृदा संरक्षण

7103809

40. Consider the following statements with reference to world population :

I. Brazil has the highest population among the South American countries.

II. Asia continent has the highest growth rate of population.

III. Africa is the most densely populated continent of the world.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) Only II
(b) Only I
(c) Both I and II
(d) Both I and III

41. Which one of the following separates Tasmania from Australia ?

(a) Bass Strait
(b) Tasman Sea
(c) Magellan Strait
(d) Great Australian Bight

42. Which one of the following pairs is *not* correctly matched ?

| | *(Plantation Crop)* | | *(Name of Country)* |
|---|---|---|---|
| (a) | Rubber | – | Malaysia |
| (b) | Cocoa | – | Nigeria |
| (c) | Tea | – | Sri Lanka |
| (d) | Coffee | – | Uzbekistan |

43. Which of the following commodity has the greatest share of Indian exports ?

(a) Mineral ores
(b) Engineering goods
(c) Handicrafts
(d) Agricultural products

44. The year 2036 will have the same calendar as that of :

(a) 2007 (b) 2006
(c) 2008 (d) 2009

40. विश्व जनसंख्या के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. ब्राज़ील दक्षिणी अमेरिकी देशों में सबसे अधिक जनसंख्या रखता है।

II. एशिया महाद्वीप उच्चतम जनसंख्या वृद्धि दर रखता है।

III. अफ्रीका विश्व का सर्वाधिक सघन बसा महाद्वीप है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल II
(b) केवल I
(c) I और II दोनों
(d) I और III दोनों

41. निम्नलिखित में से कौन-सा एक तस्मानिया को ऑस्ट्रेलिया से अलग करता है ?

(a) बॉस जलसन्धि
(b) तस्मान सागर
(c) मैगेलन जलसन्धि
(d) ग्रेट ऑस्ट्रेलियन बाइट

42. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित *नहीं* है ?

| | *(बाग़ानी फ़सल)* | | *(देश का नाम)* |
|---|---|---|---|
| (a) | रबड़ | – | मलेशिया |
| (b) | कोकोआ (कोको) | – | नाइजीरिया |
| (c) | चाय | – | श्रीलंका |
| (d) | कहवा (कॉफी) | – | उज़्बेकिस्तान |

43. निम्नलिखित में से किस वस्तु का हिस्सा भारतीय निर्यात में सर्वाधिक है ?

(a) खनिज अयस्क
(b) इंजीनियरिंग के सामान
(c) हस्तशिल्प
(d) कृषि उत्पाद

44. वर्ष 2036 का कलेन्डर वही होगा, जो कि है :

(a) 2007 का (b) 2006 का
(c) 2008 का (d) 2009 का

71038809

45. In the following question, select the related word pair from the given alternatives :

Tuberculosis : Lungs : : Typhoid : ?

(a) Intestine  (b) Kidney

(c) Lungs  (d) Brain


45. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द युग्म चुनिए :


तपेदिक : फेफड़े : : टाइफाइड : ?


(a) आँत  (b) वृक्क


(c) फेफड़े  (d) मस्तिष्क

46. Which one of the following figure is different from the rest ?


(a) 


(b) 


(c) 


(d) 

46. निम्नलिखित आकृतियों में से कौन-सी एक शेष से भिन्न है ?


(a) 

(b) 

(c) 

(d) 


47. In the following figure, what number will be at the place of the missing number 'x' ?




(a) 16  (b) 18

(c) 29  (d) 120

47. निम्नलिखित चित्र में, लुप्त संख्या 'x' के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी ?




(a) 16  (b) 18

(c) 29  (d) 120

48. In a code language, 'MISTAKE' is written as '9765412' and 'NAKED' is written as '84123'. Then, in the same language, how will 'INTIMATE' be written ?

(a) 78579452

(b) 897866145

(c) 79438163

(d) 78698365

48. किसी कूट भाषा में 'MISTAKE' को '9765412' लिखा जाता है और 'NAKED' को '84123' लिखा जाता है। तो 'INTIMATE' को उसी भाषा में कैसे लिखा जाएगा ?

(a) 78579452

(b) 897866145

(c) 79438163

(d) 78698365

7103809

49. Match List-I with List-II and choose the correct answer using the codes given below :

| *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|
| A. | Iqta | i. A portion |
| B. | Mahrousa | ii. Land under state administration |
| C. | Khalisa | iii. Land revenue |
| D. | Shiq | iv. Protected town |

**Codes :**

(a) A-iii, B-i, C-iv, D-ii

(b) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(c) A-ii, B-i, C-iv, D-iii

(d) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

49. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I* | | *सूची-II* |
|---|---|---|
| A. | इक्ता | i. एक भाग |
| B. | महरौसा | ii. राज्य प्रशासन के अधीन भूमि |
| C. | खालिसा | iii. भू-राजस्व |
| D. | शिक | iv. संरक्षित नगर |

**कूट :**

(a) A-iii, B-i, C-iv, D-ii

(b) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(c) A-ii, B-i, C-iv, D-iii

(d) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

50. Which of the following statements is/are correct in the context of the Treaty of Lahore (1846) ?

I. The Maharaja left all his territories beyond the river Satluj forever.

II. The Maharaja left his rights over all the forts between the Satluj and Beas rivers in favour of the Company.

III. The English army could no longer pass through the Sikh State.

Select the correct answer from the codes given below :

(a) Only I and II

(b) Only I

(c) I, II and III

(d) Only II and III

50. लाहौर की संधि (1846) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

I. महाराजा ने सतलुज नदी के पार के अपने समस्त प्रदेश सदैव के लिए छोड़ दिए।

II. सतलुज और ब्यास नदियों के बीच के सभी दुर्गों पर महाराजा ने अपना अधिकार कंपनी के पक्ष में छोड़ दिया।

III. अंग्रेजी सेना अब सिख राज्य में से नहीं गुज़र सकती थी।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) केवल I और II

(b) केवल I

(c) I, II और III

(d) केवल II और III

7103809

51. Which of the following is the correct chronology of the given events ?

(a) August Offer, Cripps Mission, Shimla Conference, Cabinet Mission Plan
(b) Shimla Conference, Cabinet Mission Plan, August Offer, Cripps Mission
(c) Shimla Conference, Cripps Mission, August Offer, Cabinet Mission Plan
(d) August Offer, Cabinet Mission Plan, Shimla Conference, Cripps Mission

52. According to which Article of the Indian Constitution, – "No citizen shall, on grounds only of religion, race, caste, sex, descent, place of birth, residence or any of them, be ineligible for, or discriminated against in respect of, any employment or office under the State" ?

(a) Article 15 (b) Article 16(4)
(c) Article 16(2) (d) Article 17

53. In which part of the Indian Constitution, have the provisions for elections been made ?

(a) Part XV (b) Part XIV
(c) Part XVI (d) Part XVII

54. Who was the first speaker of the Lok Sabha ?

(a) Ravi Rai (b) Balram Jakhar
(c) Mira Kumar (d) G.V. Mavalankar

55. Which of the following pairs is *not* correctly matched ?

| | *(Fundamental Rights)* | | *(Articles)* |
|---|---|---|---|
| (a) | Right to Freedom of Religion | : | Articles 23 – 24 |
| (b) | Right to Equality | : | Articles 14 – 18 |
| (c) | Cultural and Educational Rights | : | Articles 29 – 30 |
| (d) | Right to Freedom | : | Articles 19 – 22 |

51. निम्नलिखित में से कौन-सा दी गई घटनाओं का सही कालानुक्रम है ?

(a) अगस्त प्रस्ताव, क्रिप्स मिशन, शिमला सम्मेलन, कैबिनेट मिशन योजना
(b) शिमला सम्मेलन, कैबिनेट मिशन योजना, अगस्त प्रस्ताव, क्रिप्स मिशन
(c) शिमला सम्मेलन, क्रिप्स मिशन, अगस्त प्रस्ताव, कैबिनेट मिशन योजना
(d) अगस्त प्रस्ताव, कैबिनेट मिशन योजना, शिमला सम्मेलन, क्रिप्स मिशन

52. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार, – "किसी भी नागरिक को केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, वंश, जन्मस्थान, निवास या इनमें से किसी भी आधार पर राज्य के अधीन किसी भी नियोजन या पद के संबंध में अयोग्य नहीं ठहराया जाएगा या उसके साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा" ?

(a) अनुच्छेद 15 (b) अनुच्छेद 16(4)
(c) अनुच्छेद 16(2) (d) अनुच्छेद 17

53. भारतीय संविधान के किस भाग में निर्वाचन संबंधी प्रावधान दिए गए हैं ?

(a) भाग XV (15) में (b) भाग XIV (14) में
(c) भाग XVI (16) मे (d) भाग XVII (17) में

54. लोक सभा के प्रथम अध्यक्ष (स्पीकर) कौन थे ?

(a) रवि राय (b) बलराम जाखड़
(c) मीरा कुमार (d) जी.वी. मावलंकर

55. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

| | *(मौलिक अधिकार)* | | *(अनुच्छेद)* |
|---|---|---|---|
| (a) | धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार | : | अनुच्छेद 23 – 24 |
| (b) | समता का अधिकार | : | अनुच्छेद 14 – 18 |
| (c) | संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार | : | अनुच्छेद 29 – 30 |
| (d) | स्वतंत्रता का अधिकार | : | अनुच्छेद 19 – 22 |

**56.** Introducing Shyam, a lady said, "The father of his father-in-law is my father-in-law." How is Shyam related to the lady ?

(a) Husband (b) Son
(c) Son-in-law (d) Father


**57.** Ashish leaves his house at 20 minutes to seven in the morning and reaches Kunal's house in 25 minutes. They finish their breakfast in another 15 minutes and leave for their office, which takes another 35 minutes to reach. At what time do they leave Kunal's house to reach their office ?

(a) 7:20 AM (b) 7:40 AM
(c) 7:45 AM (d) 8:15 AM

**58.** The final of the World Chess Championship 2024, was played between :

(a) Viswanathan Anand and D. Gukesh
(b) Ding Liren and Vladimir Kramnik
(c) Magnus Carlsen and Vladimir Kramnik
(d) Ding Liren and D. Gukesh

**59.** Find the missing number :




(a) 542 (b) 639
(c) 529 (d) 641

**60.** A family consists of six members P, Q, R, S, T and U. There are two married couples. Q is a doctor and the father of T. U is the grandfather of R and is a contractor. S is the grandmother of T and is a housewife. There is one doctor, one contractor, one nurse, one housewife and two students in the family. Which of the following is definitely a group of male members ?

(a) Q, U, T (b) Q, U
(c) Q, U, P (d) U, T

**56.** श्याम का परिचय देते हुए, एक महिला ने कहा, "इनके ससुर के पिता मेरे ससुर हैं।" श्याम का उस महिला से क्या संबंध है ?

(a) पति (b) पुत्र
(c) दामाद (d) पिता


**57.** आशीष सुबह सात बजने में बीस मिनट पर अपने घर से निकलता है और 25 मिनट में कुणाल के घर पहुँचता है। वे अगले 15 मिनट में अपना नाश्ता खत्म करते हैं और अपने ऑफिस के लिए निकल जाते हैं, जहाँ पहुँचने में 35 मिनट और लगते हैं। वे अपने ऑफिस पहुँचने के लिए कुणाल के घर से किस समय निकलते हैं ?

(a) प्रात: 7:20 (b) प्रात: 7:40
(c) प्रात: 7:45 (d) प्रात: 8:15

**58.** विश्व शतरंज चैम्पियनशिप 2024 का फाइनल किनके मध्य खेला गया था ?

(a) विश्वनाथन आनंद एवं डी. गुकेश
(b) डिंग लीरेन एवं व्लाडीमीर क्रामनिक
(c) मैगनस कार्लसन एवं व्लाडीमीर क्रामनिक
(d) डिंग लीरेन एवं डी. गुकेश

**59.** लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।




(a) 542 (b) 639
(c) 529 (d) 641

**60.** एक परिवार में छ: सदस्य P, Q, R, S, T तथा U हैं। परिवार में दो विवाहित जोड़े हैं। Q एक डॉक्टर है और T का पिता है। U, R का दादा है और वह एक ठेकेदार है। S, T की दादी है और वह एक गृहिणी है। परिवार में एक डॉक्टर, एक ठेकेदार, एक नर्स, एक गृहिणी तथा दो छात्र हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा निश्चित रूप से पुरुष सदस्यों का समूह है ?

(a) Q, U, T (b) Q, U
(c) Q, U, P (d) U, T

61. Which one of the following has received the Major Dhyan Chand Khel Ratna Award 2024 ?
(a) Annu Rani
(b) D. Gukesh
(c) Vantika Agrawal
(d) Sukhjeet Singh

62. In 2025, how many individuals were honoured with the 'Padma Vibhushan' award ?
(a) 5 (b) 4 (c) 7 (d) 6

63. Padma Bhushan 2025 awardee for Science and Engineering, Vinod Dham is known for his role in the development of :
(a) RISC Computing (b) SPARC Systems
(c) ZiLOG Processors (d) The Pentium Chip

64. What initiative did the Indian Government launch to encourage climate-friendly lifestyle choices among citizens ?
(a) Mission LiFE
(b) National Mission for Clean Ganga
(c) Swachh Bharat Abhiyan
(d) Green India Mission

65. India's Chandrayaan-3 made a soft landing on the moon, making India the ________ country to do so.
(a) Third (b) Second
(c) Fourth (d) None of the above

66. The Lok Sabha Elections 2024 were held in how many phases ?
(a) 7 phases (b) 6 phases
(c) 8 phases (d) 9 phases

67. Which one of the following is an Export Processing Zone ?
(a) Delhi (b) Falta SEZ
(c) Kanpur (d) Bengaluru

68. When was the 'Zero Poverty Campaign' started by the Uttar Pradesh Government ?
(a) 2 October, 2024 (b) 15 August, 2024
(c) 26 January, 2024 (d) 26 January, 2025

61. निम्नलिखित में से किसको मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार 2024 मिला है ?
(a) अन्नु रानी
(b) डी. गुकेश
(c) वंतिका अग्रवाल
(d) सुखजीत सिंह

62. सन् 2025 में, कितने व्यक्तियों को 'पद्म विभूषण' पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?
(a) 5 (b) 4 (c) 7 (d) 6

63. वर्ष 2025 में विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पद्मभूषण से सम्मानित विनोद धाम को किसके विकास में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है ?
(a) RISC संगणना (b) SPARC प्रणाली
(c) ZiLOG प्रोसेसर (d) पेन्टियम चिप

64. भारत सरकार ने नागरिकों को पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए किस पहल की शुरुआत की है ?
(a) मिशन लाइफ
(b) राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन
(c) स्वच्छ भारत अभियान
(d) हरित भारत मिशन

65. भारत के चन्द्रयान-3 ने चन्द्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करी, जिससे भारत ऐसा करने वाला ________ देश बना।
(a) तृतीय (b) द्वितीय
(c) चतुर्थ (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

66. लोक सभा चुनाव 2024 कितने चरणों में संपन्न करवाए गए ?
(a) 7 चरण (b) 6 चरण
(c) 8 चरण (d) 9 चरण

67. निम्नलिखित में से कौन-सा निर्यात प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) क्षेत्र है ?
(a) दिल्ली (b) फाल्टा सेज
(c) कानपुर (d) बेंगलुरु

68. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'जीरो पावर्टी अभियान' कब प्रारंभ किया गया ?
(a) 2 अक्टूबर, 2024 (b) 15 अगस्त, 2024
(c) 26 जनवरी, 2024 (d) 26 जनवरी, 2025

69. Match List-I with List-II and choose the correct answer using the codes given below :

| List-I (Name of Biosphere Reserve) | | List-II (Location (State)) |
|---|---|---|
| A. Manas | i. | Meghalaya |
| B. Similipal | ii. | Kerala |
| C. Agasthyamalai | iii. | Odisha |
| D. Nokrek | iv. | Assam |

**Codes :**

(a) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(b) A-iv, B-ii, C-iii, D-i

(c) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

(d) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

70. Which of the following pairs (State – Name of the Coal field) is *not* correctly matched ?

| | (State) | (Name of the Coal field) |
|---|---|---|
| (a) | Madhya Pradesh | – Singareni |
| (b) | Maharashtra | – Wardha Valley |
| (c) | Chhattisgarh | – Korba |
| (d) | Odisha | – Talcher |

71. Which of the following pairs is *not* correctly matched ?

(a) Chennai – Artificial Harbour

(b) Visakhapatnam – Natural Harbour

(c) Kolkata – Deepest Harbour of India

(d) Tuticorin – Fishing Harbour

69. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र का नाम) | | सूची-II (अवस्थिति (राज्य)) |
|---|---|---|
| A. मानस | i. | मेघालय |
| B. सिमिलीपाल | ii. | केरल |
| C. अगस्त्यमलाई | iii. | ओडिशा |
| D. नोकरेक | iv. | असम |

**कूट :**

(a) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(b) A-iv, B-ii, C-iii, D-i

(c) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

(d) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

70. निम्नलिखित युग्मों (राज्य – कोयला क्षेत्र का नाम) में से कौन-सा सही सुमेलित *नहीं* है ?

| | (राज्य) | (कोयला क्षेत्र का नाम) |
|---|---|---|
| (a) | मध्य प्रदेश | – सिंगरेनी |
| (b) | महाराष्ट्र | – वर्धा घाटी |
| (c) | छत्तीसगढ़ | – कोरबा |
| (d) | ओडिशा | – तालचर |

71. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित *नहीं* है ?

(a) चेन्नई – कृत्रिम पोताश्रय

(b) विशाखापट्नम – प्राकृतिक पोताश्रय

(c) कोलकाता – भारत का सबसे गहरा पोताश्रय

(d) तूतीकोरिन – मत्स्यन पोताश्रय

72. What was the Fiscal Health Index of Uttar Pradesh in the year 2022 – 23 ?
(a) 37·0
(b) 47·9
(c) 35·0
(d) 45·9

73. In 2023 – 24, which state was the leading producer of food grains in India ?
(a) Madhya Pradesh
(b) Punjab
(c) Uttar Pradesh
(d) Maharashtra

74. In which year was the Uttar Pradesh State Organic Certification Agency established ?
(a) 2011
(b) 2013
(c) 2005
(d) 2007

75. When was the 'Kisan Mitra Yojana' started in Uttar Pradesh ?
(a) 18 August, 2001
(b) 18 August, 2010
(c) 18 June, 2001
(d) 18 June, 2010

76. Which cash crop is the major contributor to the agriculture economy of Uttar Pradesh ?
(a) Cotton
(b) Wheat
(c) Sugarcane
(d) Maize

77. "Operation Kayakalp" scheme launched in Uttar Pradesh is related to :
(a) Revamping primary schools
(b) Improving higher education
(c) Promoting skill-based education
(d) Expanding university infrastructure

78. Consider the following figures :

| | |
|---|---|
| 2 | 6 |
| 80 | 24 |

| | |
|---|---|
| 3 | ? |
| 120 | 36 |

What is the missing number ?
(a) 8
(b) 7
(c) 9
(d) 10

72. वर्ष 2022 – 23 में उत्तर प्रदेश का राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (फिस्कल हेल्थ इंडेक्स) कितना था ?
(a) 37·0
(b) 47·9
(c) 35·0
(d) 45·9

73. भारत में 2023 – 24 में कौन-सा राज्य खाद्यान्न का अग्रणी उत्पादक था ?
(a) मध्य प्रदेश
(b) पंजाब
(c) उत्तर प्रदेश
(d) महाराष्ट्र

74. किस वर्ष में उत्तर प्रदेश राज्य जैविक प्रमाणीकरण एजेंसी की स्थापना की गई ?
(a) 2011
(b) 2013
(c) 2005
(d) 2007

75. उत्तर प्रदेश में 'किसान मित्र योजना' कब शुरू की गई ?
(a) 18 अगस्त, 2001
(b) 18 अगस्त, 2010
(c) 18 जून, 2001
(d) 18 जून, 2010

76. उत्तर प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था में किस नकदी फ़सल का महत्त्वपूर्ण योगदान है ?
(a) कपास
(b) गेहूँ
(c) गन्ना
(d) मक्का

77. उत्तर प्रदेश में शुरू की गई "ऑपरेशन कायाकल्प" योजना किससे संबंधित है ?
(a) प्राथमिक विद्यालयों का पुनरुद्धार
(b) उच्च शिक्षा में सुधार
(c) कौशल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना
(d) विश्वविद्यालय के बुनियादी ढाँचे का विस्तार करना

78. नीचे दी गई आकृतियों पर विचार कीजिए :

| | |
|---|---|
| 2 | 6 |
| 80 | 24 |

| | |
|---|---|
| 3 | ? |
| 120 | 36 |

लुप्त संख्या क्या है ?
(a) 8
(b) 7
(c) 9
(d) 10

7103809

**79.** Which one of the following Union Territories of India had the highest literacy rate in 2011 Census ?

(a) Chandigarh

(b) Lakshadweep

(c) Daman and Diu

(d) Andaman and Nicobar Islands

**80.** 'Yela Mala' is the name of which of the following ?

(a) Garo Hills

(b) Cardamom Hills

(c) Anaimalai Hills

(d) Shevaroy Hills

**81.** Which one of the following pairs (Tree – Area) is ***not*** correctly matched ?

(a) Teak – Western part of the Indian Peninsula

(b) Sundari – Sundarban Delta

(c) Deodar – Nilgiri Hills

(d) Sal – North-eastern parts of the Indian Peninsula

**82.** Which of the following is a local storm of Bengal and Assam, useful for tea and rice cultivation ?

(a) Blossom shower

(b) Mango shower

(c) Norwesters

(d) Karaburan

**83.** Which one of the following pairs is ***not*** correctly matched ?

| | *(Mountain Pass)* | | *(State)* |
|---|---|---|---|
| (a) | Nathu La | – | Sikkim |
| (b) | Shipki La | – | Himachal Pradesh |
| (c) | Zoji La | – | Arunachal Pradesh |
| (d) | Sin La | – | Uttarakhand |

**79.** 2011 की जनगणना में भारत के निम्नलिखित केन्द्र शासित प्रदेशों में से किसकी साक्षरता दर उच्चतम थी ?

(a) चंडीगढ़

(b) लक्षद्वीप

(c) दमन और दीव

(d) अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह

**80.** निम्नलिखित में से किसका नाम 'येला माला' है ?

(a) गारो पहाड़ियाँ

(b) कार्डामम पहाड़ियाँ

(c) अन्नामलाई पहाड़ियाँ

(d) शेवरॉय पहाड़ियाँ

**81.** निम्नलिखित युग्मों (वृक्ष – क्षेत्र) में से कौन-सा एक सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) सागौन – भारतीय प्रायद्वीप का पश्चिमी भाग

(b) सुंदरी – सुंदरवन डेल्टा

(c) देवदार – नीलगिरी पहाड़ियाँ

(d) साल – भारतीय प्रायद्वीप के उत्तर-पूर्वी भाग

**82.** निम्नलिखित में से कौन-सा स्थानीय तूफान बंगाल व असम में चाय व चावल की खेती के लिए लाभदायक है ?

(a) ब्लोसम शॉवर

(b) मैंगो शॉवर

(c) नॉरवेस्टर्स

(d) काराबुरान

**83.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

| | *(पर्वतीय दर्रा)* | | *(राज्य)* |
|---|---|---|---|
| (a) | नाथू ला | – | सिक्किम |
| (b) | शिपकी ला | – | हिमाचल प्रदेश |
| (c) | ज़ोजी ला | – | अरुणाचल प्रदेश |
| (d) | सिन ला | – | उत्तराखण्ड |

**84.** Which of the following is *not* a beneficial insect ?

(a) *Bombyx mori*
(b) *Apis mellifera*
(c) *Laccifer lacca*
(d) *Helicoverpa armigera*

**85.** Consider the following statements with reference to the 16th Finance Commission :

I. The Commission was constituted on 31st December, 2024.

II. Shri Arvind Panagariya is its Chairman.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) Only II (b) Only I
(c) Both I and II (d) Neither I nor II

**86.** Which one of the following is a correct match ?

(a) Grow More Food Campaign – Jawaharlal Nehru
(b) Etawah Pilot Project – Albert Myre
(c) Co-operative Movement – Mahatma Gandhi
(d) Sevagram Project – Vinoba Bhave

**87.** The Destructive Insects and Pests Act (DIPA) was passed in the year ________.

(a) 1929 (b) 1914
(c) 1946 (d) 1957

**88.** Which of the following chemicals is used to hasten ripening of fruits ?

(a) Malic hydrazide
(b) Ethrel
(c) Cycocel
(d) Indole-3-Butyric acid

**84.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक लाभकारी कीट *नहीं* है ?

(a) *बॉम्बिक्स मोरी*
(b) *ऐपिस मेलिफेरा*
(c) *लैसिफर लैक्का*
(d) *हेलिकोवर्पा आर्मिगेरा*

**85.** 16वें वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. आयोग का गठन 31 दिसंबर, 2024 को हुआ था।

II. श्री अरविन्द पनगढ़िया इसके अध्यक्ष हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल II (b) केवल I
(c) I और II दोनों (d) न तो I, न ही II

**86.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही सुमेलित है ?

(a) अधिक अन्न उपजाओ अभियान – जवाहरलाल नेहरू
(b) इटावा पायलट परियोजना – अल्बर्ट मेयर
(c) सहकारिता आंदोलन – महात्मा गाँधी
(d) सेवाग्राम परियोजना – विनोबा भावे

**87.** विनाशकारी कीट और पीड़क अधिनियम (डी.आई.पी.ए.) वर्ष ________ में पारित हुआ था।

(a) 1929 (b) 1914
(c) 1946 (d) 1957

**88.** निम्नलिखित में से कौन-सा रसायन फलों को शीघ्र पकाने के लिए प्रयुक्त होता है ?

(a) मैलिक हाइड्राज़ाइड
(b) इथ्रेल
(c) साइकोसेल
(d) इन्डोल-3-ब्यूटिरिक ऐसिड

89. Who presided over the first session of All India Trade Union Congress at Bombay ?
(a) Lala Lajpat Rai
(b) S.A. Dange
(c) B. Shiva Rao
(d) N.M. Joshi

89. बम्बई में अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन काँग्रेस के पहले अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी ?
(a) लाला लाजपत राय
(b) एस.ए. डांगे
(c) बी. शिव राव
(d) एन.एम. जोशी

90. Which among the following was *not* one of those states which were annexed to the British Empire by Lord Dalhousie on the pretext of the 'Doctrine of Lapse' ?
(a) Nagpur
(b) Satara
(c) Jhansi
(d) Karnataka

90. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य उन राज्यों में सम्मिलित ***नहीं*** था, जो लॉर्ड डलहौजी द्वारा 'व्यपगत नीति' के बहाने ब्रिटिश साम्राज्य में मिला लिए गए थे ?
(a) नागपुर
(b) सतारा
(c) झाँसी
(d) कर्नाटक

91. Who was the Governor General and Viceroy of India at the time of the formation of the Indian National Congress ?
(a) Lord Dufferin
(b) Lord Ripon
(c) Lord Lansdowne
(d) Lord Curzon

91. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के गठन के समय भारत का गवर्नर जनरल और वाइसराय कौन था ?
(a) लॉर्ड डफरिन
(b) लॉर्ड रिपन
(c) लॉर्ड लैंसडाउन
(d) लॉर्ड कर्ज़न

92. Who established the Central Hindu College in Banaras, which later emerged as the focal point of Banaras Hindu University ?
(a) Bal Gangadhar Tilak
(b) Madan Mohan Malviya
(c) Annie Besant
(d) Swami Dayanand

92. बनारस का सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज, जो बाद में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के केन्द्र-बिन्दु के रूप में सामने आया, की स्थापना किसने की थी ?
(a) बाल गंगाधर तिलक
(b) मदन मोहन मालवीय
(c) एनी बेसन्ट
(d) स्वामी दयानन्द

93. Where was the first session of the Indian National Congress held ?
(a) Bombay
(b) Calcutta
(c) Poona
(d) Lahore

93. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का प्रथम अधिवेशन कहाँ संपन्न हुआ था ?
(a) बम्बई
(b) कलकत्ता
(c) पूना
(d) लाहौर

71038809

94. Which of the following part of brain is known as 'little brain' ?
(a) Cerebellum (b) Cerebrum
(c) Pons (d) Medula

95. Blood is a type of _________.
(a) Muscular tissue
(b) Epithelial tissue
(c) Nervous tissue
(d) Connective tissue

96. Given below are two Statements, one is labelled as Assertion (A) and other is labelled as Reason (R).
*Assertion (A) :* Amphibians can tolerate mixing of oxygenated and deoxygenated blood.
*Reason (R) :* Amphibians are animals with two chambered heart.
Select the correct answer using the codes given below :
(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).
(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).
(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.
(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

97. 'Knock-Knee' Syndrome results due to the pollution of _________.
(a) Fluorides (b) Heavy metals
(c) Nitrates (d) Phosphates

98. Which of the following are water-soluble vitamins ?
(a) Vitamins B and D
(b) Vitamins A and B
(c) Vitamins B and C
(d) Vitamins C and D

94. निम्नलिखित में से मस्तिष्क का कौन-सा भाग 'लघु मस्तिष्क' कहलाता है ?
(a) सेरेबेलम (b) सेरेब्रम
(c) पोंस (d) मेड्यूला

95. रक्त एक प्रकार का _________ है।
(a) पेशीय ऊतक
(b) उपकला ऊतक
(c) तंत्रिका ऊतक
(d) संयोजी ऊतक

96. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है।
*अभिकथन (A) :* उभयचर ऑक्सीकृत तथा अनॉक्सीकृत रक्त के मिलने को सह सकते हैं।
*कारण (R) :* उभयचर दो कक्षीय हृदय वाले प्राणी हैं।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :
(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(c) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।
(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सत्य है।

97. 'नॉक-नी' सिंड्रोम _________ के प्रदूषण के कारण होता है।
(a) फ्लुओराइड्स (b) भारी धातुओं
(c) नाइट्रेट्स (d) फॉस्फेट्स

98. निम्नलिखित में से कौन-से जल में घुलनशील विटामिन हैं ?
(a) विटामिन B और D
(b) विटामिन A और B
(c) विटामिन B और C
(d) विटामिन C और D

7103809
7103809
7103809

99. Match List-I with List-II and choose the correct answer using the codes given below :

| *List-I (Crops)* | | *List-II (Diseases)* |
|---|---|---|
| A. Paddy | i. | Wilt disease |
| B. Wheat | ii. | Black Rust |
| C. Sugarcane | iii. | Red Rot |
| D. Pigeon Pea | iv. | Brown leaf spot |

**Codes :**

(a) A-i, B-iii, C-ii, D-iv
(b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
(c) A-iii, B-i, C-ii, D-iv
(d) A-iv, B-ii, C-iii, D-i

100. Which fruit ranks first in India in terms of production ?

(a) Mango (b) Banana
(c) Guava (d) Papaya

101. Which of the following belongs to cash crops ?

I. Potato
II. Rice
III. Sugarcane
IV. Cotton
V. Rapeseed

Select the correct answer from the codes given below :

(a) I, II and III
(b) I, II and IV
(c) I, III and IV
(d) III, IV and V

102. 'Kisan Call Centre' was started by ________.

(a) ICAR
(b) Ministry of Agriculture and Farmers Welfare, Government of India
(c) State Agricultural University
(d) NABARD

99. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (फसल)* | | *सूची-II (रोग)* |
|---|---|---|
| A. धान | i. | उकठा रोग |
| B. गेहूँ | ii. | काली गेरुई |
| C. गन्ना | iii. | लाल सड़न |
| D. अरहर | iv. | ब्राउन लीफ स्पॉट |

**कूट :**

(a) A-i, B-iii, C-ii, D-iv
(b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
(c) A-iii, B-i, C-ii, D-iv
(d) A-iv, B-ii, C-iii, D-i

100. उत्पादन की दृष्टि से भारत में किस फल का प्रथम स्थान है ?

(a) आम (b) केला
(c) अमरूद (d) पपीता

101. निम्नलिखित में से कौन नकदी फसलों से संबंधित हैं ?

I. आलू
II. धान
III. गन्ना
IV. कपास
V. सफेद सरसों (रेपसीड)

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) I, II और III
(b) I, II और IV
(c) I, III और IV
(d) III, IV और V

102. 'किसान कॉल सेंटर' की शुरुआत ________ के द्वारा हुई थी।

(a) आई.सी.ए.आर.
(b) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
(c) राज्य कृषि विश्वविद्यालय
(d) नाबार्ड

7103809

**103.** Deficiency of which of the following elements causes yellowing and poor growth of the plants ?

(a) Phosphorus
(b) Nitrogen
(c) Calcium
(d) Boron

**104.** Which one of the following pairs (Folk dance – Place of Origin) is *not* correctly matched ?

(a) Kaikottikal – Kerala
(b) Himachali – Kullu Valley
(c) Koli – Maharashtra
(d) Yakshagana – Rajasthan

**105.** Match List-I with List-II and choose the correct answer using the codes given below :

| *List-I (Buddhist text)* | *List-II (Content)* |
|---|---|
| A. Vinaya Pitaka | i. Regional histories of Buddhism |
| B. Sutta Pitaka | ii. Buddha's teachings |
| C. Abhidhamma Pitaka | iii. Rules for those joining the Buddhist monastic order |
| D. Mahavamsa Pitaka | iv. Philosophical matters |

**Codes :**

(a) A-iv, B-iii, C-i, D-ii
(b) A-iii, B-iv, C-i, D-ii
(c) A-iii, B-iv, C-ii, D-i
(d) A-iii, B-ii, C-iv, D-i

**106.** Which of the following is *not* a Rabi pulse crop ?

(a) Chickpea
(b) Lentil
(c) Green gram
(d) French bean

**103.** निम्नलिखित में से किस तत्त्व की कमी के कारण पौधे पीले हो जाते हैं तथा उनमें वृद्धि कम हो जाती है ?

(a) फॉस्फोरस
(b) नाइट्रोजन
(c) कैल्शियम
(d) बोरॉन

**104.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म (लोक नृत्य – उत्पत्ति का स्थान) सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) काइकोट्टिकल – केरल
(b) हिमाचली – कुल्लू घाटी
(c) कोली – महाराष्ट्र
(d) यक्षगान – राजस्थान

**105.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (बौद्ध ग्रन्थ)* | *सूची-II (विषय-वस्तु)* |
|---|---|
| A. विनय पिटक | i. बौद्ध धर्म के क्षेत्रीय इतिहास |
| B. सुत्त पिटक | ii. बुद्ध की शिक्षाएँ |
| C. अभिधम्म पिटक | iii. बौद्ध मठ में शामिल होने वालों के लिए नियम |
| D. महावंश पिटक | iv. दार्शनिक मामले |

**कूट :**

(a) A-iv, B-iii, C-i, D-ii
(b) A-iii, B-iv, C-i, D-ii
(c) A-iii, B-iv, C-ii, D-i
(d) A-iii, B-ii, C-iv, D-i

**106.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक रबी की दलहनी फसल ***नहीं*** है ?

(a) चना
(b) मसूर
(c) मूँग
(d) सेम की फली (फ्रेन्च बीन)

71038809

107. Which State Government has started the scheme 'Nivesh Mitra' ?
(a) Tamil Nadu
(b) Madhya Pradesh
(c) Uttar Pradesh
(d) Maharashtra

108. What is the name of the third volume of *Akbarnama* written by Abul Fazl ?
(a) Sulh-i-Kul
(b) Ain-e-Akbari
(c) Manzil-Abadi
(d) Sipah-Abadi

109. How much were India's foreign exchange reserves at the end of December 2024 ?
(a) USD 629 Billion
(b) USD 578 Billion
(c) USD 640·3 Billion
(d) USD 653·97 Billion

110. Which among the following is the largest Stupa in the world ?
(a) Dhamek Stupa
(b) Sanchi Stupa
(c) Kesariya Stupa
(d) Bharhut Stupa

111. Before his death in 1539 A.D., whom did Baba Guru Nanak choose as his successor ?
(a) Guru Namdev
(b) Guru Tegh Bahadur
(c) Guru Arjan
(d) Guru Angad

112. Which state has the largest economy in India ?
(a) Gujarat
(b) Tamil Nadu
(c) Uttar Pradesh
(d) Maharashtra

107. 'निवेश मित्र' योजना किस राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई है ?
(a) तमिलनाडु
(b) मध्य प्रदेश
(c) उत्तर प्रदेश
(d) महाराष्ट्र

108. अबुल फ़ज़्ल द्वारा लिखी गई *अकबरनामा* की तीसरी जिल्द का क्या नाम है ?
(a) सुलह-ए-कुल
(b) आइन-ए-अकबरी
(c) मंज़िल-आबादी
(d) सिपह-आबादी

109. दिसम्बर 2024 के अंत में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार कितना था ?
(a) 629 बिलियन अमेरिकी डॉलर
(b) 578 बिलियन अमेरिकी डॉलर
(c) 640·3 बिलियन अमेरिकी डालर
(d) 653·97 बिलियन अमेरिकी डॉलर

110. निम्नलिखित में से विश्व का सबसे बड़ा स्तूप कौन-सा है ?
(a) धमेक स्तूप
(b) साँची का स्तूप
(c) केसरिया स्तूप
(d) भरहुत स्तूप

111. 1539 ई. में अपनी मृत्यु के पूर्व, बाबा गुरु नानक ने अपना उत्तराधिकारी किसको चुना ?
(a) गुरु नामदेव
(b) गुरु तेग बहादुर
(c) गुरु अर्जन
(d) गुरु अंगद

112. भारत में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था किस राज्य की है ?
(a) गुजरात
(b) तमिलनाडु
(c) उत्तर प्रदेश
(d) महाराष्ट्र

**113.** Who among the following was the first Indian to be awarded the 'Bharat Ratna' ?

(a) C. Rajagopalachari
(b) Pranab Mukherjee
(c) Abdul Ghaffar Khan
(d) Nelson Mandela

**114.** Among the following, which one is the statutory body ?

(a) NITI Aayog
(b) Finance Commission
(c) Planning Commission
(d) Labour Commission

**115.** Distribution of Taxes between Centre and States in India is done by the :

(a) Planning Commission
(b) Finance Commission
(c) National Development Council
(d) Parliament

**116.** Which of the following critics used the term "Quasi-Federal" for the Indian system of government ?

(a) Jawaharlal Nehru
(b) Laski
(c) K.C. Wheare
(d) B.R. Ambedkar

**117.** Estimation of National Income in India is done by the :

(a) National Income Committee
(b) Planning Commission
(c) National Statistical Office
(d) Reserve Bank of India

**118.** Which among the following is ***not*** a part of the Governing Council of NITI Aayog ?

(a) Chief Ministers of Delhi and Puducherry
(b) All Chief Ministers of States
(c) Lieutenant Governor of Andaman and Nicobar Islands
(d) Governors of States

**113.** निम्नलिखित में से 'भारत रत्न' से सम्मानित होने वाले प्रथम भारतीय कौन थे ?

(a) सी. राजगोपालाचारी
(b) प्रणव मुखर्जी
(c) अब्दुल गफ्फार खान
(d) नेल्सन मंडेला

**114.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक वैधानिक संस्था है ?

(a) नीति आयोग
(b) वित्त आयोग
(c) योजना आयोग
(d) श्रम आयोग

**115.** भारत में केन्द्र और राज्यों के मध्य करों का वितरण करता है :

(a) योजना आयोग
(b) वित्त आयोग
(c) राष्ट्रीय विकास परिषद
(d) संसद

**116.** निम्नलिखित में से किस आलोचक ने भारतीय शासन व्यवस्था के लिए "अर्ध-संघात्मक" शब्द का प्रयोग किया ?

(a) जवाहरलाल नेहरू
(b) लास्की
(c) के.सी. व्हीयर
(d) बी.आर. अम्बेडकर

**117.** भारत में राष्ट्रीय आय का आकलन करता है :

(a) राष्ट्रीय आय समिति
(b) योजना आयोग
(c) राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय
(d) भारतीय रिज़र्व बैंक

**118.** निम्नलिखित में से कौन नीति आयोग के शासकीय परिषद का हिस्सा ***नहीं*** होता है ?

(a) दिल्ली और पुडुचेरी के मुख्य मंत्री
(b) राज्यों के सभी मुख्य मंत्री
(c) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के लेफ्टिनेंट गवर्नर
(d) राज्यों के राज्यपाल

**119.** In which session of the Congress was the "Purna Swaraj" resolution passed ?

(a) Lahore session
(b) Calcutta session
(c) Lucknow session
(d) Madras session

**120.** On defeating which politician, did Subhas Chandra Bose become the President of the Indian National Congress ?

(a) Sardar Patel
(b) Jawaharlal Nehru
(c) Pattabhi Sitaramayya
(d) C. Rajagopalachari

**121.** Match List-I with List-II and choose the correct answer using the codes given below :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| A. | Jat Rebellion | i. | 1554 A.D. |
| B. | Bundela Rebellion | ii. | 1672 A.D. |
| C. | Satnami Rebellion | iii. | 1669 A.D. |
| D. | Sikh Rebellion | iv. | 1675 A.D. |

**Codes :**

(a) A-ii, B-iv, C-i, D-iii
(b) A-iii, B-i, C-ii, D-iv
(c) A-iv, B-iii, C-ii, D-i
(d) A-i, B-ii, C-iv, D-iii

**122.** When did the Anti-Partition Movement begin with a massive demonstration at the Town Hall, Calcutta ?

(a) 7th August, 1905
(b) 5th August, 1905
(c) 16th August, 1905
(d) 16th October, 1905

**123.** Which of the following countries did *not* recognize the Azad Hind Government ?

(a) Indonesia (b) Germany
(c) Italy (d) Philippines

**119.** काँग्रेस के किस अधिवेशन में "पूर्ण स्वराज" का प्रस्ताव पारित हुआ था ?

(a) लाहौर अधिवेशन
(b) कलकत्ता अधिवेशन
(c) लखनऊ अधिवेशन
(d) मद्रास अधिवेशन

**120.** सुभाष चन्द्र बोस किस राजनेता को पराजित करके भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अध्यक्ष बने थे ?

(a) सरदार पटेल
(b) जवाहरलाल नेहरू
(c) पट्टाभि सीतारमैया
(d) सी. राजगोपालाचारी

**121.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* | | *सूची-II* |
|---|---|---|---|
| A. | जाट विद्रोह | i. | 1554 ई. |
| B. | बुंदेला विद्रोह | ii. | 1672 ई. |
| C. | सतनामी विद्रोह | iii. | 1669 ई. |
| D. | सिख विद्रोह | iv. | 1675 ई. |

**कूट :**

(a) A-ii, B-iv, C-i, D-iii
(b) A-iii, B-i, C-ii, D-iv
(c) A-iv, B-iii, C-ii, D-i
(d) A-i, B-ii, C-iv, D-iii

**122.** कलकत्ता के टाउन हॉल में एक विशाल प्रदर्शन के साथ विभाजन के विरोध में आंदोलन कब प्रारंभ हुआ ?

(a) 7 अगस्त, 1905 को
(b) 5 अगस्त, 1905 को
(c) 16 अगस्त, 1905 को
(d) 16 अक्टूबर, 1905 को

**123.** निम्नलिखित में से किस देश ने आज़ाद हिन्द सरकार को मान्यता *नहीं* दी थी ?

(a) इंडोनेशिया (b) जर्मनी
(c) इटली (d) फिलिपींस

124. Which of the following pairs is *not* correctly matched ?
(a) Permanent Settlement – Bengal
(b) Taluqdari System – Bombay (Mumbai)
(c) Mahalwari System – North-West Provinces
(d) Ryotwari System – Madras

125. Match List-I with List-II and choose the correct answer using the codes given below :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| A. | Kushanas | i. | Devaputra |
| B. | Pulakeshin II | ii. | Sakalottarapathanatha |
| C. | Harshavardhana | iii. | Dakshinapatheshwara |
| D. | Samudragupta | iv. | Kaviraj |

**Codes :**
(a) A-ii, B-i, C-iii, D-iv
(b) A-ii, B-iii, C-i, D-iv
(c) A-iii, B-iv, C-ii, D-i
(d) A-i, B-iii, C-ii, D-iv

126. For which of the following rulers, is it said in the 'Udaipur Prashasti' that "He achieved, accomplished and made possible everything that could not have been done by anyone else" ?
(a) Vakpati Munja
(b) Bhoja
(c) Mihira Bhoja
(d) Sindhuraj

127. Which of the following kings stated that "All our people should create the good deeds, free from all disasters, enjoy the joy with minds unpolluted with jealousy" ?
(a) Chandragupta Maurya
(b) Ashoka
(c) Harshavardhana
(d) Samudragupta

124. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित *नहीं* है ?
(a) स्थायी बंदोबस्त – बंगाल
(b) ताल्लुक़दारी प्रणाली – बंबई (मुंबई)
(c) महालवाड़ी प्रणाली – उत्तर-पश्चिम सीमा प्रांत
(d) रैयतवाड़ी प्रणाली – मद्रास

125. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* | | *सूची-II* |
|---|---|---|---|
| A. | कुषाण | i. | देवपुत्र |
| B. | पुलकेशिन द्वितीय | ii. | सकलोत्तरपथनाथ |
| C. | हर्षवर्धन | iii. | दक्षिणापथेश्वर |
| D. | समुद्रगुप्त | iv. | कविराज |

**कूट :**
(a) A-ii, B-i, C-iii, D-iv
(b) A-ii, B-iii, C-i, D-iv
(c) A-iii, B-iv, C-ii, D-i
(d) A-i, B-iii, C-ii, D-iv

126. निम्नलिखित में से किस शासक के लिए 'उदयपुर प्रशस्ति' में कहा गया है कि "उसने वह सब कुछ पाया और सब कुछ संभव किया और जाना जो अन्य किसी द्वारा संभव नहीं हो सका था" ?
(a) वाकपति मुंज
(b) भोज
(c) मिहिर भोज
(d) सिन्धुराज

127. निम्नलिखित में से किस राजा का कथन है कि "हमारी सारी प्रजा सत्कर्मों का सृजन करती हुई, समस्त आपदाओं से मुक्त, ईर्ष्या से अकलुषित मनों से आनंद का भोग करे" ?
(a) चन्द्रगुप्त मौर्य
(b) अशोक
(c) हर्षवधन
(d) समुद्रगुप्त

128. Which one of the following states recorded the maximum decadal growth of urban population during the period 2001 – 2011 ?

(a) Nagaland (b) Sikkim
(c) Kerala (d) Maharashtra

129. Which of the following is an ocean current of the Atlantic Ocean ?

(a) California current (b) Benguela current
(c) Alaska current (d) Humboldt current

130. Arrange the following states in ascending order on the basis of percentage of Tribal population as per Census 2011 :

I. Madhya Pradesh
II. Maharashtra
III. Rajasthan
IV. Meghalaya

Select the correct answer from the codes given below :

(a) III, IV, II, I (b) I, II, III, IV
(c) II, III, I, IV (d) IV, I, II, III

131. Which of the following river originates from Mansarovar in Tibet and passes through Shipki La mountain pass ?

(a) Beas (b) Satluj
(c) Ravi (d) Chenab

132. Which one of the following states was most urbanised as per Census 2011 ?

(a) Goa (b) Maharashtra
(c) Tamil Nadu (d) Gujarat

133. The Brahma temple of Pushkar is in which of the following states ?

(a) Uttar Pradesh
(b) Himachal Pradesh
(c) Gujarat
(d) Rajasthan

128. निम्नलिखित में से किस राज्य ने 2001 – 2011 की अवधि के दौरान शहरी जनसंख्या की अधिकतम दशकीय वृद्धि दर्ज की ?

(a) नागालैण्ड (b) सिक्किम
(c) केरल (d) महाराष्ट्र

129. निम्नलिखित में से कौन-सी समुद्री धारा अटलांटिक महासागर की है ?

(a) कैलिफोर्निया धारा (b) बेंगुएला धारा
(c) अलास्का धारा (d) हम्बोल्ट धारा

130. 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित राज्यों को उनकी जनजातीय जनसंख्या के प्रतिशत के आधार पर आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. मध्य प्रदेश
II. महाराष्ट्र
III. राजस्थान
IV. मेघालय

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) III, IV, II, I (b) I, II, III, IV
(c) II, III, I, IV (d) IV, I, II, III

131. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी तिब्बत में मानसरोवर से उद्गमित होकर शिपकी ला पहाड़ी दर्रे से गुज़रती है ?

(a) ब्यास (b) सतलुज
(c) रावी (d) चेनाब

132. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य सबसे अधिक शहरीकृत था ?

(a) गोवा (b) महाराष्ट्र
(c) तमिलनाडु (d) गुजरात

133. पुष्कर का ब्रह्मा मंदिर निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ?

(a) उत्तर प्रदेश
(b) हिमाचल प्रदेश
(c) गुजरात
(d) राजस्थान

71003809

**134.** The phenomenon of "urban heat islands" refers to :

(a) Increased tree cover
(b) Decreased temperature in urban areas
(c) Higher temperature in urban areas than nearby rural areas
(d) Decreased energy consumption

**134.** "शहरी ऊष्मा द्वीप" की परिघटना किससे संदर्भित है ?

(a) वृक्ष आवरण की अधिकता
(b) शहरी क्षेत्रों में तापमान में कमी
(c) आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में अधिक तापमान
(d) ऊर्जा के उपभोग में कमी

**135.** In which city is the 'National Institute of Agricultural Economics and Policy Research' located ?

(a) New Delhi (b) Mumbai
(c) Hyderabad (d) Lucknow

**135.** 'राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्र और नीति अनुसंधान संस्थान' किस शहर में स्थित है ?

(a) नई दिल्ली (b) मुंबई
(c) हैदराबाद (d) लखनऊ

**136.** Which website has been prepared to monitor the financial activities of the State of Uttar Pradesh ?

(a) Srishti (b) Koshvani
(c) NIC (d) Arthashastra

**136.** उत्तर प्रदेश राज्य की वित्तीय क्रियाओं की निगरानी करने के लिए कौन-सी वेबसाइट तैयार की गई है ?

(a) सृष्टि (b) कोशवाणी
(c) एन आई सी (NIC) (d) अर्थशास्त्र

**137.** Which of the following states of India has higher number of females than males ?

(a) Tamil Nadu (b) West Bengal
(c) Kerala (d) Karnataka

**137.** भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक है ?

(a) तमिलनाडु (b) पश्चिम बंगाल
(c) केरल (d) कर्नाटक

**138.** Biofertilizers are :

(a) Cultures of micro-organisms
(b) Organic manures
(c) Green manures
(d) None of the above

**138.** जैव-उर्वरक हैं :

(a) सूक्ष्म-जीवों का संवर्धन (कल्चर)
(b) कार्बनिक खादे
(c) हरी खादें
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**139.** Who is the author of the book *"The Population Bomb"* ?

(a) Paul R. Ehrlich (b) Donald Bogue
(c) Thompson (d) Malthus

**139.** *"द पॉपुलेशन बम"* नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(a) पॉल आर. एहर्लिच (b) डोनाल्ड बोग
(c) थॉम्पसन (d) माल्थस

**140.** When was the first Mineral Policy announced in the State of Uttar Pradesh ?

(a) On December 29, 1996
(b) On December 29, 1998
(c) On December 29, 1997
(d) On December 29, 1999

**140.** उत्तर प्रदेश राज्य में पहली खनिज नीति कब घोषित की गई थी ?

(a) 29 दिसम्बर, 1996 को
(b) 29 दिसम्बर, 1998 को
(c) 29 दिसम्बर, 1997 को
(d) 29 दिसम्बर, 1999 को

141. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :
(a) तदोपरान्त (b) अनाधिकारी
(c) अत्युक्ति (d) पूजारी

142. वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है :
(a) आध्यात्मिक (b) अभ्यंतरिक
(c) आनुषंगिक (d) पैतृक

143. निम्नलिखित में से किस वाक्य में सर्वनाम का सही प्रयोग ***नहीं*** हुआ है ?
(a) मेरे को यह रुचिकर नहीं।
(b) हमें अपना काम करने दीजिए।
(c) तुम अपनी कक्षा में जाओ।
(d) यह काम तुमसे नहीं होगा।

144. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(a) वह सदैव ही बीमार रहता है।
(b) कृपया आने की अनुकम्पा करें।
(c) किसने यह कहा था ?
(d) तुम्हीं ने ही यह गलती की है।

145. अधोलिखित में से कौन-सा वाक्य शब्द-चयन की दृष्टि से शुद्ध है ?
(a) साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।
(b) मैं उनका पितृवत् सम्मान करता हूँ।
(c) उसकी मृत्यु के समाचार से नगर में भीषण शोक छा गया।
(d) गोलियों की बाढ़ के सामने कोई न टिक सका।

146. अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(a) वह हमारे यहाँ रोज आता है।
(b) वह आज आएगा।
(c) उसको हर चौथे दिन दौरा पड़ता है।
(d) उन्होंने उसकी आड़े हाथों खबर ली।

147. वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है :
(a) प्रफुल्ल (b) औद्योगिक
(c) आधीन (d) हितेच्छु

148. निम्नलिखित में 'अभिज्ञ' शब्द का उपयुक्त विलोम है :
(a) सर्वज्ञ (b) विज्ञ
(c) अल्पज्ञ (d) अनभिज्ञ

149. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (शब्द)* | *सूची-II (विलोम)* |
|---|---|
| A. उदार | i. विनीत |
| B. उदासीन | ii. कृपण |
| C. उद्धत | iii. अवसान |
| D. उद्भव | iv. आसक्त |

**कूट :**
(a) A-iii, B-ii, C-iv, D-i
(b) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(c) A-ii, B-iv, C-i, D-iii
(d) A-iv, B-ii, C-iii, D-i

150. विलोम की दृष्टि से शुद्ध शब्द-युग्म है :
(a) अराति – शत्रु (b) सूक्ष्म – स्थूल
(c) अश्म – पत्थर (d) दुर्बल – निर्बल

151. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (शब्द)* | *सूची-II (विलोम)* |
|---|---|
| A. प्रफुल्ल | i. घृणा |
| B. व्यास | ii. समास |
| C. कृत्रिम | iii. म्लान |
| D. प्रेम | iv. प्राकृत |

**कूट :**
(a) A-iii, B-ii, C-iv, D-i
(b) A-i, B-ii, C-iv, D-iii
(c) A-iii, B-iv, C-i, D-ii
(d) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

152. 'कुछ लोग नागपुर से आए हैं।' वाक्य में 'कुछ' शब्द विशेषण का कौन-सा भेद है ?
(a) संख्यावाचक विशेषण
(b) सार्वनामिक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण
(d) परिमाणवाचक विशेषण

153. निम्नलिखित में से 'सूर्य' का पर्यायवाची *नहीं* है :
(a) शार्दूल
(b) प्रभाकर
(c) अंशुमाली
(d) मार्तण्ड

154. निम्नलिखित में गुणवाचक विशेषण के अंतर्गत *नहीं* है :
(a) सब
(b) प्राचीन
(c) पालतू
(d) तिरछा

155. निम्नलिखित में से किस समूह में सभी शब्द पर्यायवाची *नहीं* हैं ?
(a) इंदीवर, उत्पल, पुंडरीक, राजीव
(b) लक्ष्य, ध्येय, प्रयोजन, हेतु
(c) अक्षि, चक्षु, दृग, लोचन
(d) रश्मि, अंशु, मयूख, चैन

156. निम्नलिखित में से 'अग्नि' का पर्यायवाची *नहीं* है :
(a) हुताशन
(b) पावक
(c) कृशानु
(d) अद्रि

157. 'कामिनी अत्यन्त सुन्दर है।' इस वाक्य में 'अत्यन्त' है :
(a) विशेषण
(b) प्रविशेषण
(c) विशेष्य
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

158. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'वृक्ष' का पर्यायवाची *नहीं* है ?
(a) पादप
(b) तरु
(c) द्रुम
(d) विशिख

159. अधोलिखित में से 'नदी' का पर्यायवाची *नहीं* है :
(a) आपगा
(b) निम्नगा
(c) तटिनी
(d) वेणी

160. निम्नलिखित में से 'ब्रह्मा' का पर्यायवाची *नहीं* है :
(a) विधाता
(b) विबुध
(c) हिरण्यगर्भ
(d) विरंचि

161. अधोलिखित में से 'सिंह' का पर्यायवाची *नहीं* है :
(a) महावीर
(b) मार
(c) पंचमुख
(d) केशरी

162. अधोलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द पर्यायवाची *नहीं* हैं ?
(a) तीर, शर, इषु, नाराच
(b) विहंग, विहग, शकुंत, अंडज
(c) वायु, समीर, मरुत, समीरण
(d) ब्राह्मी, भारती, गिरि, वाक्

163. निम्नलिखित में से 'कामदेव' का पर्यायवाची *नहीं* है :
(a) मन्मथ
(b) माधव
(c) कंदर्प
(d) मदन

164. निम्नलिखित में से 'घोड़ा' का पर्यायवाची *नहीं* है :
(a) बाजि
(b) शार्दूल
(c) हय
(d) तुरंग

165. 'वह नौकर नहीं आया।' वाक्य में विशेषण शब्द है :
(a) आया
(b) वह
(c) नहीं
(d) नौकर

166. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द तद्भव है ?
(a) कंधा
(b) अक्षर
(c) अक्षांश
(d) नेत्र

167. अधोलिखित में से 'तत्सम' शब्द का चयन कीजिए :
(a) अनूठा
(b) आमलक
(c) गवाच्छ
(d) नारियल

168. अधोलिखित में से तत्सम-तद्भव का सही युग्म ***नहीं*** है :
(a) शाटिका – साड़ी
(b) सप्तति – सत्तर
(c) प्राघूर्ण – पोथी
(d) कपर्दिका – कौड़ी

169. तत्सम-तद्भव की दृष्टि से कौन-सा युग्म सही ***नहीं*** है ?
(a) पर्यंक – फूल
(b) शलाका – सलाई
(c) क्षीर – खीर
(d) उष्ट्र – ऊँट

170. 'चरित्रवान व्यक्ति अच्छे कर्म करता है।' वाक्य में 'चरित्रवान' शब्द विशेषण का कौन-सा भेद है ?
(a) गुणवाचक विशेषण
(b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण
(d) सार्वनामिक विशेषण

171. 'वाक्यांश के लिए एक शब्द' की दृष्टि से कौन-सा युग्म अशुद्ध है ?
(a) झूठ बोलने वाला – मितभाषी
(b) पहाड़ के नीचे की भूमि – उपत्यका
(c) पहाड़ के ऊपर की समतल भूमि – अधित्यका
(d) अल्प भोजन करने वाला – मिताहारी

172. 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म ***ग़लत*** है ?
(a) जीतने की इच्छा – जिजीविषा
(b) खाने की इच्छा – बुभुक्षा
(c) लाभ की इच्छा – लिप्सा
(d) जानने की इच्छा – जिज्ञासा

173. 'जिसे किसी बात की आकांक्षा न हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है :
(a) निःस्पृह
(b) निवृत्त
(c) निष्कलुष
(d) निरापद

174. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द की पहचान कीजिए :
(a) अक्समात्
(b) अन्तर्धान
(c) लब्धप्रतिष्ठित
(d) द्वारिका

175. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्दों के सही विकल्प की पहचान कीजिए :
(a) सहस्र, चिह्न, अगस्त्य, मैथिली
(b) मत्स्य, दंपति, महत्व, शाबास
(c) उपरोक्त, प्रदर्शनी, दवाईयाँ, अश्विनी
(d) सैरिंध्री, वाल्मिकी, अध्यात्मिक, मंत्रीपरिषद्

176. अधोलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्दों की वर्तनी अशुद्ध है ?
(a) भागवत, व्रत, प्रतिक्षा
(b) प्रशंशा, विधि, नवाब
(c) चर्मोत्कर्ष, जामाता, उपर्युक्त
(d) आधीन, पुज्य, ब्रम्ह

177. विशेष्य-विशेषण की दृष्टि से कौन-सा विकल्प सही है ?
(a) उपज – उपकार
(b) उत्साह – उन्नति
(c) इच्छा – उपेक्षा
(d) उदय – उदित

178. निम्नलिखित में से विशेषण शब्द का चयन कीजिए :
(a) आदि
(b) अन्त
(c) अंकुर
(d) अधीत

179. 'कश्मीरी सेब सिंदूरी लाल होता है।' वाक्य में 'सिंदूरी' शब्द है :
(a) प्रविशेषण
(b) सार्वनामिक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण
(d) परिमाणवाचक विशेषण

180. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (विशेष्य)* | *सूची-II (विशेषण)* |
|---|---|
| A. वायु | i. विषण्ण |
| B. विवाद | ii. विकसित |
| C. विकास | iii. विवादी |
| D. विषाद | iv. वायव्य |

**कूट :**
(a) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(b) A-iii, B-i, C-iv, D-ii
(c) A-iv, B-iii, C-ii, D-i
(d) A-ii, B-iv, C-i, D-iii

181. निम्नलिखित में विशेष्य शब्द है :
(a) घातक
(b) घाव
(c) गर्वीला
(d) गुलाबी

182. 'श्रृंगार करके नायक की प्रतीक्षा करने वाली नायिका' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है :
(a) वासकसज्जा
(b) विप्रलब्धा
(c) अभिसारिका
(d) उत्कंठिता

183. 'वाक्यांश के लिए एक शब्द' के अधोलिखित विकल्पों में से कौन-सा विकल्प अशुद्ध है ?
(a) जहाँ लोगों का मिलन हो – सम्मेलन
(b) बहुत बोलने वाला – वाचाल
(c) मरने की इच्छा – मुमुक्षा
(d) अनिश्चित जीविका – आकाशवृत्ति

184. 'जिस व्यक्ति का चित्त किसी भी देश, काल और परिस्थिति में एकसमान रहता है', वाक्यांश के लिए एक उपयुक्त शब्द है :
(a) अलौकिक
(b) समदर्शी
(c) स्थिरचित्त
(d) शान्तचित्त

185. 'उत्तर और पूर्व दिशा के मध्यवर्ती कोण' को क्या कहते हैं ?
(a) ईशान
(b) वायव्य
(c) नैऋत्य
(d) आग्नेय

186. 'हरावल' शब्द निम्नलिखित में से किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होता है ?
(a) सेना का वह भाग जो सबसे आगे रहता है।
(b) सेना का वह भाग जो सबसे पीछे रहता है।
(c) जो स्वेच्छा से किसी सेवा कार्य में लगता है।
(d) सेना का वह भाग जो मध्य में रहता है।

187. 'वाक्यांश तथा उसके लिए प्रयुक्त एक शब्द' का कौन-सा युग्म सुमेलित ***नहीं*** है ?
(a) किए हुए उपकार को मानने वाला – कृतज्ञ
(b) जानने की इच्छा रखने वाला – बुद्धिमान
(c) जिसका पार न पाया जाए – अपार
(d) जो इन्द्रियों के परे हो – अतीन्द्रिय

7103809

**188.** अधोलिखित में से 'तत्सम' शब्द को चिह्नित कीजिए :
(a) स्वामी
(b) बच्चा
(c) आग
(d) कान

**189.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'तत्सम' शब्द ***नहीं*** है ?
(a) हाथ
(b) अग्नि
(c) पुत्र
(d) जल

**190.** 'नैहर' शब्द का तत्सम रूप है :
(a) पीहर
(b) ज्ञातिगृह
(c) नयघर
(d) नौघर

**191.** तत्सम-तद्भव का कौन-सा विकल्प सही है ?
(a) मधुक – भौंरा
(b) वल्गा – बाग
(c) वृत्तिक – गोला
(d) मत्सर – मछली

**192.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'तुरंत' का तत्सम रूप है ?
(a) तुरत
(b) त्वरित
(c) जल्दी
(d) शीघ्र

**193.** 'जहाँ किसी बात का डर न हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है :
(a) निर्द्वन्द्व (b) द्विवर
(c) निरापद (d) निर्भ्रान्त

**194.** नीचे दिए गए शब्दों में से तत्सम ***नहीं*** है :
(a) मुख
(b) अगणित
(c) अकेला
(d) दाध

**195.** 'अग्रगामी' का विलोम शब्द है :
(a) अधोगामी
(b) ऊर्ध्वगामी
(c) पश्चगामी
(d) पूर्वगामी

**196.** 'बाह्य' एवं 'ग्राह्य' शब्द के विलोम का सही विकल्प है :
(a) अभाव, लभ्य
(b) ग्रहण, त्याज्य
(c) अभ्यन्तर, त्याज्य
(d) अग्राह्य, आविर्भाव

**197.** निम्नलिखित में से अशुद्ध विलोम-युग्म है :
(a) वैकल्पिक – अनिवार्य
(b) गौरव – लाघव
(c) अथ – श्री गणेश
(d) मृदुल – रूक्ष

**198.** निम्नलिखित प्रदत्त विलोम-युग्मों में से अशुद्ध का चयन कीजिए :
(a) सदाचारी – दुर्व्यवहारी
(b) विधि – निषेध
(c) आज्ञा – अवज्ञा
(d) दक्षिण – वाम

**199.** निम्नलिखित विलोम शब्द-युग्म में एक सही ***नहीं*** है :
(a) दीर्घ – ह्रस्व
(b) ऋजु – सरल
(c) आर्द्र – अनार्द्र
(d) अवर – प्रवर

**200.** विलोम की दृष्टि से निम्नलिखित में से सही शब्द-युग्म है :
(a) हताश – निराश
(b) आकुल – व्याकुल
(c) उत्तेजन – प्रशमन
(d) कटु – तिक्त

**DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**

**Question Booklet Bar Code Serial No.**
**प्रश्न-पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या**

7103809

# 2023

**CODE : UNHSIV-01**
**SUBJECT : GENERAL STUDIES AND GENERAL HINDI**
**(General Vocabulary and Grammar)**

**Part – I : General Studies : Q. Nos. 1 to 140**
**Part – II : General Hindi : Q. Nos. 141 to 200**
**(General Vocabulary and Grammar)**

**Time : 3 Hours** | **Max. Marks : 200**

Write your Roll Number in the box — In numbers →

In words

To mark Answer use **Black Ball-point Pen** only.

Candidate must read all the instructions carefully before writing the answers on the OMR Answer-Sheet.

**Signature of Invigilator**

You are to mark all your answers on the **OMR Answer-Sheet only.** After the examination is over, hand over the **OMR Answer-Sheet to the Invigilator** and receive Candidate's copy (Blue) from the invigilator.

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. Answer **all** questions. All questions carry equal marks. OMR Answer-Sheet and Question Booklet which carry same Bar Code Serial Number, are kept together inside a sealed transparent polythene packet.
2. **Immediately after opening the transparent sealed polythene packet, again check that the Printed Bar Code Serial Number of Question Booklet and OMR Answer-Sheet is same and all the pages are printed properly. If the Printed Bar Code Serial Number of Question Booklet and OMR Answer-Sheet is not same or there is any other discrepancy in it, return it to the Invigilator and get another sealed polythene packet of Question Booklet and OMR Answer-Sheet.**
3. **Only after ensuring that the printed Bar Code Serial Number of the Question Booklet and OMR Answer-Sheet is same,** candidate has to indicate the correct Roll Number, Subject and Subject Code on the OMR Answer-Sheet at the specified place, otherwise the OMR Answer-Sheet will not be evaluated and the candidate will be solely responsible for it.
4. Do not write anything on the cover page of the Question Booklet except Roll Number. Use the space for rough work given in the last two pages of the Question Booklet.
5. **This Question Booklet contains 200 questions.** Each question has **four (4)** options which are given below the question. Only one option is correct out of the four. You are required to darken the circle corresponding to the alternative which you consider to be the correct or most appropriate answer in the OMR Answer-Sheet by **Black Ball-point Pen.**
6. In this Question Booklet, except Q. No. 141 – 200, all questions are printed in both Hindi and English languages. In case of any ambiguity in the bilingual (Hindi/English) question, the English version of the question shall prevail.
7. **Penalty for wrong answers :**

   **THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OMR ANSWER-SHEET.**

   (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

   (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer**, even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.

   (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

*Note : **Please check that the Bar Code Serial Number printed on the Question Booklet and the OMR Answer-Sheet is same, in case of any discrepancy in it, get it changed with another set of sealed polythene packet of Question Booklet and OMR Answer-Sheet.***

**ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपांतर इस प्रश्न-पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर छपा है।**